(b) Does not arise.

**बूंदी, राजस्थान मे सीमेंट का कारखाना**

2666. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **औद्योगिक विकास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बूंदी मे एक सीमेंट का या कोई और कारखाना लगाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हा, तो कौन, सा उद्योग वहा स्थापित किया जायेगा और कब तक ; और

(ग) क्या यह उद्योग सरकारी क्षेत्र मे होगा या गैर-सरकारी क्षेत्र मे होगा ?

**औद्योगिक विकास मंत्रालय मे उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) :** (क) से (ग) बून्दी (राजस्थान) मे एक सीमेंट का कारखाना स्थापित करने के लिए औद्योगिक लाइसेंस की स्वीकृति के लिए गैर-सरकारी क्षेत्र से एक आवेदनपत्र प्राप्त हुआ है। इस आवेदन-पत्र पर विचार किया जा रहा है, बूंदी में सीमेंट का कारखाना स्थापित करने के लिए अब तक कोई अन्य प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है।

**Implementation of Second Wage Board Recommendations on Journalists**

2667. SHRI BANAMALI PATNAIK : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether Government have been urged upon to deny newsprint quota and Government advertisements to newspapers who have not implemented the recommendations of the Second Wage Board ;

(b) if so, the reaction of Government thereto ; and

(c) the action proposed to be taken ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI DHARAM BIR SINHA) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c). It is not possible for Newsprint Control Order which is issued under the Essential Commodities Act to take into account such cases of individual default As regards advertisements, however. the position is different. If other methods fail to make a newspaper implement the Wage Board's recommandations, and this is brought to Government's notice, Government will consider the matter.

**औद्योगिक लाइसेंसों के लिए उत्तर प्रदेश से प्राप्त आवेदन पत्र**

2668. **श्री चन्द्रिका प्रसाद :** क्या औद्योगिक विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश से वर्ष 1970-71 और 1971-72 मे उद्योगो के लाइसेसो के लिए कितने आवेदन-पत्र प्राप्त हुये और उनमे से कितने स्वीकार किये गए ?

**औद्योगिक विकास मन्त्रालय मे उप-मन्त्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) :** औद्योगिक लाइसेसों के लिए, प्राप्त आवेदन-पत्रो तथा जारी किये गये लाइसेंसों का लेखा वित्तीय वर्षवार नही रखा जाता है। फिर भी, कलेंडर वर्ष 1970 1971 तथा 1972 में (फरवरी, 1972 तक) लाइसेसों के क्रमश: 242, 334 तथा 44 आवेदनपत्र उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त हुए तथा उसी वर्ष क्रमश: 26, 48 तथा 4 लाइसेंस जारी किये गये।

**उत्तर प्रदेश में बाढ़ों सम्बन्धी समाचार-चित्र**

2669. **श्री चन्द्रिका प्रसाद :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में विशेषकर इसके पूर्वी जिलों में पीछे आई विनाशकारी बाढ़ का कोई समाचार-चित्र तैयार किया गया है ;

(ख) क्या इसमें बलिया शामिल नहीं है ; और

(ग) यदि हां, तो क्यों ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) :** (क) जी, हां। वी भार-